epaper
हिन्दुस्तान

# आयात पर निर्भरता घटानी होगी: पीएम

04/03/2022

**नई दिल्ली | विशेष संवाददाता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्योग जगत से आयात पर निर्भरता कम करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने की अपील करते हुए गुरुवार को कहा कि मेक इन इंडिया अभियान 21वीं सदी के भारत की जरूरत है। उन्होंने उद्योग जगत से कहा कि उन वस्तुओं के आयात में कटौती के प्रयास होने चाहिए, जिनका उत्पादन भारत में हो सकता है।

मोदी ने यह भी कहा कि अगर भारतीय कारोबारी निर्यात के लिए प्रतिस्पर्धी नहीं हो पा रहे हैं तो उन्हें कम से कम भारत की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उत्पादन करना चाहिए। ताकि भारत की विदेशों पर निर्भरता घटे। मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड विषय पर आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया भारत को विनिर्माण शक्ति के रूप में देख रही है। उन्होंने कहा कि बजट में आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के लिए की गई घोषणाएं उद्योग जगत एवं भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## आह्वान

### पूरी शक्ति के साथ काम करना चाहिए

मोदी कहा कि मेक इन इंडिया अभियान 21वीं सदी के भारत की जरूरत है और यह हमें हमारी क्षमता दिखाने का अवसर देता है। उन्होंने कहा, हमें एक मजबूत विनिर्माण आधार बनाने के लिए पूरी शक्ति के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों, विशेष इस्पात और चिकित्सा उपकरणों जैसे क्षेत्रों में मेक इन इंडिया समय की जरूरत है और कोयला, खनन तथा रक्षा क्षेत्रों को खोलने से उद्योगों के लिए अपार अवसरों के मार्ग प्रशस्त हुए हैं।